दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरूवार 23 जुलाई 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 294

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस संक्रमण के 63 नए मामले

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में कोविड-19 के नियंत्रण में आने की घोषणा करने के कुछ ही दिन बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 63 नए मामले सामने आए हैं।दक्षिण कोरिया के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केन्द्र (केसीडीसी) ने बुधवार को बताया कि घनी आबादी वाले सियोल महानगरीय क्षेत्र में कम से कम 36 नए मामले सामने आए, जहां करीब पांच करोड़ 10 लाख लोग रहते हैं।केसीडीसी ने यह जानकारी नहीं दी कि इनमें उत्तरी सियोल के पोचियोन की सेना इकाई में संक्रमित पाए गए 13 जवान शामिल हैं या नहीं ।केसीडीसी ने बताया कि 29 नए मामले स्थानीय स्तर पर संक्रमण के हैं और 34 मामले विदेश से आए लोगों से जुड़े हैं। देश में अभी कोरोना वायरस संक्रमण के 13,879 मामले हैं और 297 लोगों की इससे जान गई है।इस बीच, सरकार की बुधवार को दो सैन्य विमान इराक भेज वहां फंसे करीब 300 दक्षिण कोरियाई नागरिक वापस लाने की योजना भी है।

### चीनी महावाणिज्य दूतावास को 72 घंटे में बंद करने का आदेश

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए चीन को अपने ह्यूस्टन स्थित महावाणिज्य दूतावास को 72 घंटे के अंदर बंद करने का आदेश दिया है। इस अमेरिकी आदेश के बाद चीनी दूतावास के कर्मचारी गोपनीय दस्तावेजों को जलाते हुए देखे गए हैं। उधर, अमेरिका के इस कदम के बाद चीन भड़क उठा है और उसने आवश्यक जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। बताया जा रहा है कि अमेरिका ने चीन के साथ जारी गंभीर तनाव को देखते हुए ह्यूस्टन के महावाणिज्य दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। इसके लिए अमेरिका ने चीन को 72 घंटे का समय दिया है। इतने कम समय में महावाणिज्य दूतावास को खाली करने के आदेश से चीन के विदेश मंत्रालय में हड़कंप मच गया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है।

### अमेरिका के अलास्का में भीषण भूकंप, सूनामी की चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के अलास्का राज्य में भीषण भूकंप आने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 7.8 आंकी गई है। यह भूकंप कितना शक्तिशाली था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता कि 500 मील दूर तक झटके महसूस किए गए। सुनामी की चेतावनी के बाद तटीय इलाके में अफरातफरी मच गई है और लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। यूएसजीएस की रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप का केंद्र जमीन से छह मील गहराई में स्थित था। भूकंप के केंद्र से 200 मील के इलाके में सुनामी की चेतावनी दी गई है। माना जा रहा है कि सुनामी की वजह से समुद्र में विशाल लहरें उठ सकती हैं। बताया जा रहा है कि आने वाले कई सप्ताह तक भूकंप के बाद आने वाले झटके महसूस किए जा सकते हैं। यूएसजीएस ने कहा कि सभी लोगों को सलाह दी जाती है कि आने वाले समय में और ज्यादा झटके आ सकते हैं। ये झटके और ज्यादा शक्तिशाली हो सकते हैं। इसलिए सभी लोग सतर्क रहें। इस चेतावनी के बाद बड़ी संख्या लोग अलास्का के तटीय इलाकों से सुरक्षित स्थानों की ओर जाते हुए देखे गए हैं। पूरे इलाके में सायरन की आवाज सुनी गई है।

### न्यूजीलैंड में अधीनस्थ कर्मचारी के साथ प्रेम संबंध रखने पर मंत्री बर्खास्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने बुधवार को कहा कि उन्होंने आव्रजन मंत्री को एक अधीनस्थ कर्मचारी के साथ अनैतिक संबंध रखने के कारण पद से हटा दिया है। अर्डर्न ने कहा कि आव्रजन मंत्री इयान लीस-गैलोवे का एक महिला के साथ लगभग एक साल तक प्रेम संबंध रहा। यह महिला उनके अधीन एजेंसियों में से एक में काम करती थी। बाद में इस महिला को मंत्री लीस-गैलोवे के कार्यालय में नियुक्त किया गया। लीस-गैलोवे (41) ने कहा कि उन्हें अर्डर्न का फैसला स्वीकार है ।

# भारतीय सेना को मिली मेड इन इंडिया ध्रुवास्त्र मिसाइल

### दुश्मन के टैंक के उड़ा सकती है परखचे

**बालासोर(आरएनएस)।** मेक इन इंडिया मुहिम के तहत देश की सेना को लगातार मजबूत किया जा रहा है। सेना की ताकत में एक और नाम जुड़ गया। एंटी टैंक ध्रुवास्त्र मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया है, ये मिसाइल मेड इन इंडिया है और दुश्मन को पूरी तरह से ध्वस्त करने का माद्दा रखती है। ओडिशा के बालासोर में 15-16 जुलाई को इसका टेस्ट हुआ, जिसके बाद अब इसे सेना को सौंप दिया जाएगा। इसका इस्तेमाल भारतीय सेना के ध्रुव हेलिकॉप्टर के साथ किया जाएगा। यानी अटैक हेलिकॉप्टर ध्रुव पर इसे तैनात किया जाएगा, ताकि वक्त आने पर दुश्मन



को सबक सिखाया जा सके। पहले इस मिसाइल का नाम नाग मिसाइल (हेलिना) रखा गया था, जिसे अब डायरेक्ट और टॉप अटैक मोड में ध्रुवास्त्र एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का नाम दिया गया है। इसकी मारक क्षमता 4 किमी तक है। इस दायरे में यह किसी भी टैंक को उड़ा सकती है। ऐसे में डीआरडीओ और भारतीय सेना के लिए इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि अब वह किसी दूसरे देश पर ऐसी मिसाइलों के लिए निर्भर नहीं रहेंगे। वहीं बता दें कि ध्रुव हेलिकॉप्टर भी पूरी तरह से स्वदेशी है। ऐसे में डीआरडीओ और सेना के लिए इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है क्योंकि अब किसी दूसरे देश पर ऐसी मिसाइलों के लिए निर्भरता नहीं रहेगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, ध्रुवास्त्र एक तीसरी पीढ़ी की दागो और भूल जाओ टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली है, जिसे आधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर पर स्थापित किया गया है। यह प्रणाली, सभी मौसम में दिन और रात के समय सक्षम है तथा पारंपरिक कवच के साथ ही साथ विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच के साथ युद्धक टैंकों को नष्ट कर सकती है। गौरतलब है कि चीन के साथ बॉर्डर पर लगातार तनाव की स्थिति है। ऐसे में सेना पूरी तरह सतर्क है, दूसरी ओर मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए डीआरडीओ स्वदेशी मिसाइलें बना रहा है। बता दें कि जल्द ही भारत को फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमान भी मिलने वाला है जिसे अंबाला एयरबेस पर तैनात किया जाएगा।

## सात दिनों के लिए अपने खर्चे पर रहना होगा क्वारेंटाइन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हवाई अड्डे पर विदेश से आने वाले अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सभी यात्रियों से 7 दिनों के लिए अपने खर्चे पर चारंटाइन में रहने के लिए कहा गया है। इसके बाद सात दिनों तक होम चारंटाइन में रहना भी जरूरी होगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने यात्रियों से एक वचन पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए भी कहा है कि वे इसका पालन करेंगे।

दिशा-निर्देश के मुताबिक, जो लोग दिल्ली-एनसीआर में रहने की योजना बना रहे हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य जांच करवानी होगी। उन्हें पहले हवाई अड्डे के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा और फिर दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य जांच से गुजरना होगा। पहले स्तर पर यात्री थर्मल स्क्रीनिंग से गुजरेंगे। यात्रियों को स्क्रीनिंग के दोनों स्तर के बाद ही उनके लिए तय जगह पर जाने की अनुमति दी जाएगी। गाइडलाइंस में कहा गया है कि इसमें छूट केवल चार श्रेणी के लोगों को दी जाएगी। गर्भवती महिलाएं, अगर किसी के परिजनों की मौत हो गई है, कोई गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के माता-पिता हैं, उन्हें इससे अलग रखा गया है।

दिशा-निर्देश में कहा गया है कि वंदे भारत मिशन के तहत आने वाले अंतरराष्ट्रीय उड़ान के यात्री केवल कनेक्टिंग डोमेस्टिक फ्लाइट से यात्रा कर सकते हैं। अगर कोई यात्री गैर वंदे भारत अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों से भारत से आ रहे हैं और दूसरी घरेलू फ्लाइट से यात्रा की योजना बना रहे हैं तो उन्हें अधिकृत छूट प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा।

कोरोनो वायरस महामारी के प्रसार को रोकने के लिए मार्च में उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। विदेशों में फंसे भारतीयों को

## राजा मानसिंह हत्याकांड में 11 पुलिसकर्मियों को उम्रकैद

**मथुरा(आरएनएस)।** राजस्थान के भरतपुर के राजा मानसिंह हत्याकांड में 35 साल बाद फैसला आ गया है। जिन 11 आरोपियों को कल जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोषी करार दिया था उन सभी को उम्रकैद की सजा सुना दी गई है। ये सभी पुलिसमुलाजिम हैं। हालांकि इस केस में तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया है। आज कोर्ट ने डीएसपी कानसिंह भाटी, थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, राजस्थान सशस्त्र बल के हेड कांस्टेबल जीवन राम, हेड कॉन्स्टेबल भंवर सिंह, सिपाही हरी सिंह, शेर सिंह, छतर सिंह, पदमा राम, जगमोहन व डीग थाने के दूसरे अफसर इंस्पेक्टर रविशेखर मिश्रा और सिपाही सुखराम को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात अपराध सहायक निरीक्षक कानसिंह सीरवी, हेड कॉन्स्टेबल हरिकिशन व सिपाही गोविंद प्रसाद को निर्दोष करार दिया गया है।



जिला एवं सत्र न्यायाधीश साधना रानी ठाकुर ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद पुलिस उपाधीक्षक कानसिंह भाटी सहित 11 आरोपियों को दोषी करार दिया गया था। चार्जशीट में आरोपी बनाए गए 18 पुलिसकर्मियों में से डीएसपी कानसिंह भाटी के चालक कॉन्स्टेबल महेंद्र सिंह को पूर्व में ही बरी किया जा चुका था तथा तीन अन्य आरोपी सिपाही नेकीराम, सीताराम व कुलदीप सिंह की मुकदमे की सुनवाई के दौरान ही मृत्यु हो चुकी है।

### सेना ने किया आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्म (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के राजोरी में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस और सेना की 38-आरआर ने थानामंडी क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकी ठिकाना ध्वस्त कर वहां से एक पीका राइफल, एक चीनी पिस्टल, एक पिस्टल, एके-47 की एक मैग्जीन, दो अन्य मैग्जीन, 168 कारतूस (पीका गन के), एके-47 के 47 कारतूस, पिस्टल के चार कारतूस, दो यूजीबीएल ग्रेनेड, एक टेप रिकॉर्डर व कई अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुई हैं। एसएसपी राजोरी ने बताया कि मनयाल इलाके में आतंकी ठिकाना होने की सूचना मिली थी।

## एक दिन में कोरोना से रिकॉर्ड 28 हजार से अधिक रोगमुक्त

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** देश में लगातार दूसरे दिन कोरोना संक्रमण महामारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी होने के साथ पिछले 24 घंटे में कोरोना के रिकॉर्ड 28 हजार से अधिक लोग रोगमुक्त हुए हैं जिससे स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 7.53 लाख के पार पहुंच गई है।

देश में पहली बार एक दिन में 28,472 लोग स्वस्थ हुए हैं। इसी अवधि में संक्रमण के 37,724 नये मामले सामने आए हैं जिससे संक्रमितों की संख्या करीब 11.93 लाख हो गयी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 37,724 मामलों की पुष्टि हुई जिससे संक्रमितों की संख्या 11,92,915 हो गयी जबकि मृतकों की संख्या 648 बढ़कर 28,732 हो गयी है। इसी अवधि में 28,472 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 7,53,050 लोग कोरोना से मुक्ति पा चुके हैं। देश में अभी कोरोना संक्रमण के 4,11,133 सक्रिय मामले हैं।विभिन्न राज्यों में पिछले 24 घंटों के दौरान स्थिति पर नजर डालें तो सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में संक्रमण के 8,336 नये मामले सामने आये और 246 लोगों की मौत हुई। यहां अब संक्रमितों का आंकड़ा 3,27,031 और मृतकों की संख्या 12,276 है, वहीं 1,82,217 लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं। संक्रमण के मामले में दूसरे स्थान पर स्थित तमिलनाडु में इस दौरान 4965 नये मामले सामने आये और 75 लोगों की मौत हुई जिससे संक्रमितों की संख्या 1,80,643 और मृतकों का आंकड़ा 2,626 हो गया है।

## सीएम गहलोत के भाई की कंपनी पर ईडी का छापा

**जयपुर(आरएनएस)।** राजस्थान के सियासी संग्राम में पल-पल नए मोड़ आ रहे हैं। इस समय की बड़ी खबर सामने आ रही है कि गहलोत के करीबियों के बाद अब केन्द्रीय जांच एजेंसियों की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के परिवार पर भी शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार यह सूचना मिली है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बड़े भाई अग्रसेन के ईडी का छापा पड़ा है।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों ही सीएम अशोक गहलोत के बाई अग्रसेन गहलोत का नाम फर्टिलाइजर घोटाले में आया था। आरोप है कि अग्रसेन गहलोत ने 2007 से 2009 के बीच किसानों का पैसा मारकर प्राइवेज कंपनियों को दिया गया। इस दौरान केंद्र में मनमोहन सिंह की सरकार थी और राज्य में अशोक गहलोत



मुख्यमंत्री थे।

जानकारी के मुताबिक ईडी ने यह कार्रवाई उर्वरक घोटाले के मामले में की है। राजस्थान के साथ ही कई और राज्यों में भी छापेमारी जारी है। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान, मुम्बई, गुजरात और पश्चिम बंगाल में छापेमारी की जा रही है।

फर्टिलाइजर घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आज कई जगहों पर छापामारी कर रही है। अब ईडी की छापामारी सीएम गहलोत के भाई अग्रसेन गहलोत के यहां भी जारी है। अग्रसेन गहलोत के मंडोर के पास 9 मील स्थित अग्रसेन गहलोत के घर पर यह छापामारी हुई है। बताया जा रहा है कि घर पर पीपीई किट पहन कर ईडी के अधिकारी पहुंचे हैं। बता दें कि प्रदेश के सियासी संग्राम के बीच जहां राजस्थान हाइकोर्ट की ओर से पायलट खेमे को 24 जुलाई तक फौरी राहत मिल गई है। वहीं प्रदेश के ऐसे कई सियासी घटनाक्रम है, जो तेजी से बदल रहे हैं। हाइकोर्ट की ओर से 24 जुलाई तक फैसले को सुरक्षित रखने का सूचना के बाद सीएम अशोक गहलोत ने विधायकों को यह सूचना दी है कि फिलहाल अभी भी उन्हें कुछ दिनों बाड़ाबंदी में ही रहना होगा। मिली जानकारी के अनुसार विधायक दल की बैठक में उन्होंने विधायकों से यह बात कहीं। दूसरी तरफ इस मामले में अब पायलट खेमा भी विधायकों को घेरने में जुट गया है।

## विकास दुबे एनकाउंटर मामले की एक हफ्ते में हो जांच शुरू

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया आदेश

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के दुर्दांत अपराधी विकास दुबे की मुठभेड़ की जांच के लिए अपने पूर्व न्यायाधीश बी एस चौहान की अध्यक्षता में एक जांच आयोग के गठन को बुधवार को मंजूरी दे दी।


उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हो रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति चौहान का नाम न्यायालय को सुझाया। मेहता ने मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि न्यायमूर्ति चौहान आयोग का हिस्सा बनने के लिए सहमत हो गए हैं। उन्होंने जांच टीम का हिस्सा बनने के लिए राज्य सरकार के पूर्व पुलिस महानिदेशक के.एल. गुप्ता का नाम भी सुझाया।

न्यायालय ने कहा कि आयोग एक सप्ताह में अपना काम शुरू कर देगा तथा दो महीने में उसे अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा कि उन्होंने भी न्यायमूर्ति चौहान के साथ कई मामलों की सुनवाई की है, उन्होंने भी उनके नाम का सुझाव दिया होता। याचिकाकर्ता अनूप प्रकाश अवस्थी और घनश्याम उपाध्याय ने कहा कि उन्हें न्यायमूर्ति चौहान पर पूरा भरोसा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने त्वरित सुनवाई से किया इनकार

### मामला सचिन पायलट की याचिका का

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने सचिन पायलट और उनके खेमे के विधायकों के खिलाफ कार्रवाई के मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय के मंगलवार के आदेश के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष की याचिका की त्वरित सुनवाई से फिलहाल इनकार कर दिया है। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बुधवार को मामले की त्वरित सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष विशेष उल्लेख किया, लेकिन उसने त्वरित



सुनवाई से फिलहाल इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बोबडे ने कहा कि वह रजिस्ट्री जाएं। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री जैसा तय करेगी उसी के अनुसार सुनवाई होगी।

अध्यक्ष ने राजस्थान उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसने शुक्रवार तक सचिन पायलट और उनके खेमे के 18 विधायकों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। याचिका में कहा गया है कि उच्च न्यायालय विधानसभा अध्यक्ष को सचिन गुट पर कार्रवाई करने से नहीं रोक सकता। न्यायालय का कल का आदेश न्यायपालिका और विधायिका में टकराव पैदा करता है। याचिका पर आज ही शीर्ष अदालत से सुनवाई की मांग की जाएगी।

**आईआरडीएआई ने बदले हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़े नियम**

## अब सरकारी व निजी कंपनियों के कर्मचारियों को भी होगा फायदा

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** भारतीय बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण ने सभी इंश्योरेंस कंपनियों को कोरोना कवच पॉलिसी को ग्रुप इंश्योरेंस प्रोडक्ट की तरह बेचने की मंजूरी दे दी है। इरडा के इस फैसले के बाद अब तमाम निजी और सरकारी कंपनियां व संस्थान अपने कर्मचारियों के लिए कोविड-19 हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीद सकेंगे। इससे अगर किसी कर्मचारी को संक्रमण हो जाता है तो कंपनियों को उनका इलाज कराने में काफी आसानी होगी।

कोविड-19 के फैलाव को देखते हुए करीब सभी जनरल और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने 10 जुलाई से कोरोना कवच पॉलिसी शुरू की थी। इसका उद्देश्य लोगों को इस महामारी के इलाज के लिए किफायती दर पर एक स्वास्थ्य बीमा कवर मुहैया कराना है। इसमें साढ़े 3 महीने से साढ़े 9 महीने के लिए पॉलिसी बेची जा रही है। इसमें व्यक्ति के चिकित्सा खर्च की अधिकतम राशि 5 लाख रुपए रखी गई है।

इरडा ने उम्मीद जताई है कि इस स्टैंडर्ड ग्रुप पॉलिसी से देश की तमाम निजी और सरकारी कंपनियों को अपने कर्मचारियों का कोरोना वायरस से जुड़ा इलाज कराने में काफी मदद मिलेगी। इरडा के मुताबिक, अगर किसी ग्रुप में कोरोना वायरस से सीधे मुकाबला कर रहे डॉक्टर्स, नर्स और स्वास्थ्य कर्मचारी हैं तो उन्हें पॉलिसी खरीदने पर प्रीमियम में 5 फीसदी की छूट दी जाएगी। ये छूट कोविड-19 के खिलाफ उनकी लड़ाई के प्रति सम्माान के तौर पर दिया जा रहा है।